# Daily Current Affairs

Date : 09 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 (समापन) |
| 2. | राजस्थान का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण |
| 3. | संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमऊ शक्ति 2025' |
| 4. | राजस्थान में अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. डिपार्टमेंट ऑफ डोमेस्टिक एंड ओवरसीज राजस्थानी अफेयर्स (DORA)<br>2. राजस्थान पुलिस अकादमी में 'ऑल वुमेन दीक्षांत परेड'<br>3. जिला परिषदों में जिला कलक्टर प्रशासक के रूप में नियुक्त<br>4. सुनील शर्मा - राज्य सूचना आयुक्त<br>5. BWF वर्ल्ड सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी : संस्कार सारस्वत |
| 6. | राष्ट्रव्यापी अभियान: 'प्रशासन गाँव की ओर' |
| 7. | उद्भव, 2025 |
| 8. | 20वाँ यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति सत्र (ICHC) |
| 9. | किलाउआ ज्वालामुखी |
| 10. | यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) |
| 11. | ISSF (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्टफेडरेशन) वर्ल्ड कप, 2025 |
| 12. | विश्व स्क्वैश कप की मेजबानी: भारत |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शुभांगी दत्त<br>2. राशि जैन और योगेश वडाडेकर<br>3. प्रोजेक्ट महादेव: महाराष्ट्र<br>4. तेलंगाना राइजिंग वैश्विक शिखर सम्मेलन<br>5. भारत-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव, 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 (समापन)

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, राजस्थान में पहली बार 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' का पाँचवाँ संस्करण आयोजित किया गया।



**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन अवधि :** 24 नवंबर से 05 दिसंबर, 2025 तक।
- **उद्घाटन :** सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर।
- **शुभंकर :** 'खम्मा' और 'घणी'; ऊंट से प्रेरित हैं, जो राजस्थान का राज्य पशु है।
- **टैगलाइन :** पधारो म्हारे राजस्थान, जीतो सारा हिंदुस्तान।
- **आयोजन स्थल :** जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर।
- **समापन :** पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर।

**पदक तालिका में शीर्ष-5 विश्वविद्यालय:-**

| रैंक | विश्वविद्यालय | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1st | चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी | पंजाब | 42 | 14 | 11 | 67 |
| 2nd | लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी | पंजाब | 32 | 24 | 22 | 78 |
| 3rd | गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर | पंजाब | 32 | 22 | 18 | 72 |
| 4th | जैन यूनिवर्सिटी | कर्नाटक | 30 | 9 | 11 | 50 |
| 5th | गुरु काशी यूनिवर्सिटी | पंजाब | 15 | 15 | 18 | 48 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान के विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन (शीर्ष-5):-

| रैंक | विश्वविद्यालय | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल | पदक विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25th | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | 2 | 2 | 1 | 5 | साइक्लिंग – 1 स्वर्ण, 1 रजत। वेटलिफ्टिंग – 1 स्वर्ण। जूडो – 1 कांस्य। बॉक्सिंग – 1 रजत। |
| 35th | मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर | 1 | 2 | 0 | 3 | शूटिंग – 1 स्वर्ण, 1 रजत। टेनिस – 1 रजत। |
| 46th | मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर | 1 | 1 | 0 | 2 | जूडो – 1 रजत। कयाकिंग एंड कैनोइंग – 1 स्वर्ण। |
| 62nd | कोटा विश्वविद्यालय | 1 | 0 | 0 | 1 | जूडो – 1 स्वर्ण पदक। |
| 62nd | महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर | 1 | 0 | 0 | 1 | बॉक्सिंग – 1 स्वर्ण पदक। |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### प्रमुख खेल और आयोजन स्थल:

| क्रम | स्थान | खेल परिसर | स्पर्धा |
|---|---|---|---|
| 1. | जयपुर | SMS स्टेडियम, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जगतपुरा शूटिंग रेंज, राजस्थान यूनिवर्सिटी | एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, टेनिस, फुटबॉल, तीरंदाजी, निशानेबाजी, मलखंभ, साइक्लिंग |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | जोधपुर | चैनपुरा इंडोर हॉल | टेबल टेनिस और योगासन |
| 3. | अजमेर | पटेल स्टेडियम | रग्बी |
| 4. | उदयपुर | - | जूडो, बीच वॉलीबॉल, केनो-कयाकिंग |
| 5. | बीकानेर | MGM यूनिवर्सिटी | कबड्डी |
| 6. | कोटा | रघुराय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स | तलवारबाजी और वॉलीबॉल |
| 7. | भरतपुर | लोहागढ़ स्टेडियम हॉल | बॉक्सिंग और कुश्ती |

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 हेतु समितियाँ:**

**आयोजन और कॉर्डिनेशन समिति:**

- **सदस्य संख्या -** 19
- **अध्यक्ष -** राजस्थान के मुख्यमंत्री।
- **उपाध्यक्ष –** केन्द्रीय खेल मंत्री।
- **सदस्य -** राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय ओलंपिक संघ (IOA), भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के अधिकारी।

**एग्जीक्यूटिव समिति : (निगरानी एवं सुपरविजन हेतु)**


- **सदस्य संख्या -** 29
- **अध्यक्ष -** राजस्थान के मुख्य सचिव।
- **उपाध्यक्ष -** भारत सरकार के खेल सचिव।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण

## चर्चा में क्यों?

- मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिज़र्व से रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व में 'राजस्थान का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण' किया जाएगा।



## मुख्य बिन्दु:

- भारत में यह केवल दूसरी बार है जब इंटर-स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन का प्रयास किया जा रहा है।
- पहला इंटर-स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन वर्ष 2018 में किया गया था जो असफल रहा। इसके तहत कान्हा टाइगर रिज़र्व और बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व (मध्य प्रदेश) से क्रमश: एक नर और एक मादा बाघ सतकोसिया टाइगर रिज़र्व (ओडिशा) में लाए गए थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व:

- **अवस्थिति :** बूंदी ज़िले में स्थित है, जिसका विस्तार कोटा और भीलवाड़ा तक है।
- यह प्राचीन अरावली पहाड़ियों में स्थित है, जिसमें मेज, रामगढ़ और खारी जैसी मौसमी नदियाँ बहती हैं।
- इसे वर्ष 2022 में रणथंभौर, सरिस्का और मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व के बाद राजस्थान का चौथा टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया था।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान में स्थित टाइगर रिज़र्व :-

| क्रमांक | टाइगर रिज़र्व | घोषणा का वर्ष | शामिल जिले |
|---|---|---|---|
| 1. | रणथंभौर टाइगर रिज़र्व | 1973 | सवाई माधोपुर, करौली, बूंदी, टोंक |
| 2. | सरिस्का टाइगर रिज़र्व | 1978 | अलवर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ |
| 3. | मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व | 2013 | कोटा, बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ |
| 4. | रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व | 2022 | बूंदी, कोटा |
| 5. | धौलपुर-करौली टाइगर रिज़र्व | 2023 | धौलपुर, करौली |


- **नोट :** राजस्थान के छठे टाइगर रिज़र्व के रूप में कुंभलगढ़ टाइगर रिज़र्व प्रस्तावित है, जिसमें राजसमंद और उदयपुर जिलों के क्षेत्र शामिल होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमऊ शक्ति 2025'

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत-मलेशिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास हरिमऊ शक्ति 2025 का 5वाँ संस्करण शुरू हुआ।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर।
- **प्रतिभागी :** डोगरा रेजिमेंट (भारत) और 25वीं बटालियन रॉयल मलेशियाई सेना (मलेशिया)।
- **शुरुआत :** वर्ष 2012 में भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत।
- **भारत और मलेशिया के मध्य आयोजित होने वाले अन्य प्रमुख सैन्य अभ्यास :**
  - **समुद्र लक्ष्मण :** द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास।
  - **उदार शक्ति :** द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**वर्ष 2025 में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सम्पन्न प्रमुख सैन्य अभ्यास :**

- **इंटीग्रेटेड फायर पावर एक्सरसाइज :** अमोघ फ्यूरी : सप्त शक्ति कमान (भारतीय थल सेना) द्वारा।
- **साइक्लोन 2025 :** भारत-मिस्र (भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट और मिस्र के कमांडो स्क्वाड्रन और एयरबोर्न प्लाटून)।
- **इन्द्र – 2025 :** भारत – रूस के मध्य।
- **सेंटिनल स्ट्राइक :** सप्त शक्ति कमान (भारतीय थल सेना)।
- **अजेय वारियर-25 :** भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण युवाओं को डिजिटल शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर परामर्श जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'ग्राम पंचायत स्तर पर' अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाएगी।




## मुख्य बिन्दु:

- राज्य में अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना के पहले चरण के अंतर्गत 3,000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत मुख्यालयों को प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत अब तक 1,274 केंद्रों को चिन्हित किया जा चुका है।
- इन केंद्रों की स्थापना से राज्य में शहर और गाँव, सम्पन्न और कम संसाधन वाले लोगों के मध्य व्याप्त 'डिजिटल डिवाइड' में कमी आएगी।
- इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है।
- प्रत्येक केंद्र में ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी, जहाँ पुस्तकें और शैक्षणिक सामग्री डिजिटल रूप में मौजूद रहेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रत्येक केंद्र में एक प्रशिक्षित 'अटल प्रेरक' नियुक्त किया जाएगा। साथ ही, केंद्रों में ई-मित्र और कॉमन सर्विस सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**अटल इनोवेशन मिशन (AIM)**

- **शुरुआत :** वर्ष 2016 में।
- **सम्बद्ध विभाग :** नीति आयोग।
- **AIM के मिशन निदेशक :** दीपक बागला।
- अटल इनोवेशन मिशन, देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है।
- इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारिता को बढ़ावा देने हेतु नए कार्यक्रमों और नीतियों को विकसित करना, विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, लोगों के मध्य जागरूकता बढ़ाना और देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी हेतु एक 'अंब्रेला संरचना' (Umbrella Structure) विकसित करना है।

**AIM के तहत संचालित प्रमुख पहलें:**

- अटल टिंकरिंग लैब।
- मेंटर इंडिया मिशन।
- अटल इनक्यूबेशन सेंटर।
- अटल रिसर्च एंड इनोवेशन फॉर स्मॉल बिज़नेस (ARISE)
- अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर।
- अटल न्यू इंडिया चैलेंजा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **डिपार्टमेंट ऑफ डोमेस्टिक एंड ओवरसीज राजस्थानी अफेयर्स (DORA)**<br>■ हाल ही में, राजस्थान कैबिनेट सचिवालय ने डिपार्टमेंट ऑफ डोमेस्टिक एंड ओवरसीज राजस्थानी अफेयर्स (DORA) के गठन की अधिसूचना जारी की गई।<br>■ नवगठित विभाग अनिवासी राजस्थानियों से संबंधित सभी प्रकार के मामले देखेगा। इसमें प्रवासियों के लिए योजनाओं और परियोजनाओं का डिजाइन और कार्यान्वयन, NRR (नॉन रेजिडेंट राजस्थानी) से संबंधित मुद्दों का समाधान, प्रवासी-केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन और सरकारी नीतियों का प्रसार शामिल है।<br>■ यह विभाग राजस्थान फाउंडेशन की देखरेख भी करेगा और व्यापक NRI मामलों का समन्वय करेगा। |
| 2. | **राजस्थान पुलिस अकादमी में 'ऑल वुमेन दीक्षांत परेड'**<br>■ हाल ही में, जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में 'ऑल वुमेन दीक्षांत परेड' सम्पन्न हुई।<br>■ **कॉन्स्टेबल कोमल चौधरी :** ऑल राउण्डर, इण्डोर और कंप्यूटर विषय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।<br>■ **कांस्टेबल ममता जांगू :** ऑल राउण्डर और इन्डोर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। |
| 3. | **जिला परिषदों में जिला कलक्टर प्रशासक के रूप में नियुक्त**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा ऐसी समस्त जिला परिषदों में सम्बंधित जिला कलक्टर को प्रशासक नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की गई, जिनका कार्यकाल 11 दिसम्बर, 2025 तक समाप्त हो रहा है तथा उनके चुनाव सम्पन्न नहीं हो पा रहे हैं।<br>■ राज्य सरकार द्वारा नियुक्त सभी प्रशासक (जिला कलक्टर) की कार्यावधि नवनिर्वाचन के पश्चात गठित जिला परिषद की प्रथम बैठक की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती दिन तक रहेगी। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **सुनील शर्मा - राज्य सूचना आयुक्त**<br>■ 8 दिसंबर, 2025 को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सुनील शर्मा को राज्य के सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त करने का आदेश जारी किया।<br>■ **कार्यकाल :** पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।<br>■ **राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त** - मोहनलाल लाठर।<br>■ **सदस्य :** सुरेशचंद्र गुप्ता, महेंद्र पारख, टीकाराम शर्मा, सुनील शर्मा। |
| 5. | **BWF वर्ल्ड सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी : संस्कार सारस्वत**<br>■ जोधपुर निवासी बैडमिंटन खिलाड़ी संस्कार सारस्वत हाल ही में BWF वर्ल्ड सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी बने।<br>■ फाइनल मुकाबले में संस्कार का सामना कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ से हुआ, जिसमें उन्होंने 21-11, 17-21 और 21-13 से जीत हासिल की। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रव्यापी अभियान: 'प्रशासन गाँव की ओर'

### चर्चा में क्यों?

- लोक शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गाँव की ओर' 19 से 25 दिसम्बर, 2025 तक भारत के सभी जिलों, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा।

### मुख्य बिन्दु:

- 'प्रशासन गाँव की ओर' 2 से 31 दिसम्बर, 2025 तक केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में आयोजित विशेष अभियान 5.0 का विकेन्द्रीकृत संस्करण है।
- यह चौथी बार है जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान संचालित कर रही है।
- **सुशासन सप्ताह: प्रारंभिक चरण –** 11 से 18 दिसम्बर, 2025
- **कार्यान्वयन चरण:** 19 से 25 दिसम्बर, 2025
- **सुशासन दिवस:** 25 दिसम्बर (अजय बिहारी वाजपेय जंयती)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उद्भव, 2025

## चर्चा में क्यों?

- जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सोसाइटी (NESTS) के छठे राष्ट्रीय EMRS सांस्कृतिक, साहित्यिक और कल उत्सव-उद्भव, 2025 का समापन 5 दिसम्बर, 2025 को आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले के वड्डेश्वरम स्थित केएन विश्वविद्यालय में हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

- **मेजबानी:** जनजातीय कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान। सोसाइटी (APTWREIS - गुरूकुलम)
- **सहयोग:** NESTS व केएल विश्वविद्यालय।
- **आयोजन:** 3 से 5 दिसम्बर, 2025

**समापन समारोह:**

**पदक तालिका:**

| रैंक | राज्य |
|---|---|
| 1st | तेलंगाना |
| 2nd | झारखण्ड |
| 3rd | ओडिशा |
| 4th | छत्तीसगढ़ |
| 5th | मध्यप्रदेश |

- **पुरस्कार:** कुल 105 प्रथम पुरस्कार, 105 द्वितीय पुरस्कार और 105 तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 20वाँ यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति सत्र (ICHC)

### चर्चा में क्यों?

- 8 से 13 दिसम्बर, 2025 तक नई दिल्ली में अमूर्त सांस्कृतिक विरास की सुरक्षा के लिए यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** लाल किला, नई दिल्ली
- **मेजबानी:** भारत
- **सत्र का नेतृत्व:** विशाल वी. शर्मा (यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि)
- **उद्देश्य:** अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान, अंतरराष्ट्रीय सहायता को बढ़ावा देना।

**यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति (ICHC):**

- **गठन:** 17 अक्टूबर, 2003 (पेरिस में 32वें आम सम्मेलन के दौरान।)
- **संरचना:** 24 सदस्य (वर्तमान में भारत )
- **कार्यकाल:** 4 वर्ष

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**ICH सूची में भारत की सांस्कृतिक धरोहर: 15 तत्व/विरासत**

| क्र. सं. | अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर | सूचीबद्ध किए जाने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | संस्कृत थिएटर कुटियाट्टम (केरल) | 2008 |
| 2. | वैदिक मंत्रोच्चार | 2008 |
| 3. | रामलीला | 2008 |
| 4. | रम्माण (उत्तराखण्ड) | 2009 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| 5. | मुदियेट्टू (केरल) | 2010 |
| 6. | कालबेलिया नृत्य (राजस्थान) | 2010 |
| 7. | छऊ (पूर्वी भारत) | 2010 |
| 8. | लद्दाख बौद्ध स्तूप | 2012 |
| 9. | मणिपुरी संकीर्तन | 2013 |
| 10. | जंडियाला गुरू की पीतल-ताँबा कारीगरी | 2014 |
| 11. | योग | 2016 |
| 12. | नवरोज़ (फारसी नववर्ष) | 2016 |
| 13. | कुंभ मेला | 2017 |
| 14. | कोलकाता दुर्गा पूजा | 2021 |
| 15. | गुजरात का गरबा | 2023 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## किलाउआ ज्वालामुखी

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में एक किलाउआ ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ।

**मुख्य बिन्दु:**

- **अवस्थिति:** यह एक ढाल प्रकार का ज्वालामुखी है जो संयुक्त पूर्वी भाग में स्थित है।
- हवाई द्वीप श्रृंखला का सबसे दक्षिणी और सबसे बड़ा द्वीप है, जिसका अस्तित्व अत्यंत सक्रिय हवाईयन हॉटस्पॉट के कारण है।
- किलाउआ ज्वालामुखी का 1250 मीटर ऊँचा शिखर ढहकर एक कैल्डेरा बन गया है तथा काल्डेरा में एक लावा झील हालेमाउ है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वित्त मंत्रालय के राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में यूनिफाइड पैमेंट्स इंटरफेस के संदर्भ में निम्नलिखित जानकारी प्रदान की।

### मुख्य बिन्दु:

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की जून, 2025 की रिपोर्ट 'ग्रोइंग रिटेल डिजिटल पैमेंट्स (द वैल्यू ऑफ इंटरऑपरेबिलिटी)' में यूनिफाइड पैमेंट्स इंटरफेस (UPI) को ट्रांजैक्शन वॉल्यूम के हिसाब से विश्व का सबसे बड़ा रिटेल फास्ट पेमेंट सिस्टम (FPS) माना गया है।
- ACI वर्ल्डवाइड की 2024 की रिपोर्ट 'प्राइम टाइम फॉर रियल टाइम' के अनुसार UPI की ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट सिस्टम ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में लगभग 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

| क्र.सं. | देश | वैश्विक रीयल टाइम भुगतान प्लेटफॉर्म का प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|
| 1. | भारत | 49% |
| 2. | ब्राजील | 14% |
| 3. | थाईलैंड | 8% |
| 4. | चीन | 6% |
| 5. | दक्षिण कोरिया | 3% |
| 6. | अन्य | 20% |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## ISSF (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्टफेडरेशन) वर्ल्ड कप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत ने दोहा में आयोजित ISSF वर्ल्ड कप, 2025 में कुल 6 पदक जीते।

### मुख्य बिन्दु:

**पदक तालिकाएँ**

| रैंक | देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st | चीन | 4 | 2 | 3 | 9 |
| 2nd | भारत | 2 | 3 | 1 | 6 |

**भारत के स्वर्ण पदक विजेता:**

| क्रं.सं. | खिलाड़ी | स्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | सिमरनप्रीत कौर बरार | महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल |
| 2. | सुरूचि सिंह | महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल |

**भारत के रजत पदक विजेता:**

| क्रं.सं. | खिलाड़ी | स्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन |
| 2. | अनीश भानवाला | 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल |
| 3. | संयम | - |

- **कांस्य पदक:** सम्राट राणा: पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व स्क्वैश कप की मेजबानी: भारत

### चर्चा में क्यों?

- भारत लगातार तीसरी बार विश्व स्क्वैश कप की मेजबानी करेगा।

### मुख्य बिन्दु:

- **टूर्नामेंट:** 14 दिसम्बर, 2025 से चेन्नई के SDAT स्टेडियम में आयोजित होगा।
- **भागीदारी देश:** 12, इसमें गत विजेता मिस्त्र और वर्ष 2023 का उपविजेता मलेशिया शामिल होगा।
- **गत स्क्वैश कप में भारत:** तीसरा स्थान।
- **भारत के स्क्वैश खिलाड़ी:** अभय सिंह, वेलाकन सेंथिल कुमार और जोशना चिनप्पा।
- **प्रथम विश्व स्क्वैश कप:** वर्ष 1996 में मलेशिया में आयोजित (विजेता: ऑस्ट्रेलिया)

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शुभांगी दत्त**<br>▪ अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड सम्मानित किया गया।<br>▪ उन्होनें फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से एक्टिंग डेब्यू किया तथा इस फिल्म को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी प्रदान किया गया। |
| 2. | **राशि जैन और योगेश वडाडेकर**<br>▪ भारतीय वैज्ञानिक राशि जैन और योगेश वडाडेकर ने जैम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप (JWST) के डेटा की सहायता से 'अलक नंदा' नामक एक नई स्पाइरल गैलेक्सी की खोज की।<br>▪ यह आकाश गंगा पृथ्वी से लगभग 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। |
| 3. | **प्रोजेक्ट महादेव: महाराष्ट्र**<br>▪ हाल ही में, महाराष्ट्र ने फुटबॉल को बढ़ावा देने हेतु 'प्रोजेक्ट महादेव' शुरू किया।<br>▪ इसके तहत् राज्यभर से 13 वर्ष से कम उम्र के 30 लड़के व 30 लड़कियों को योग्यता अनुसार चुना जाएगा तथा इन्हें 5 वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **4.** | **तेलंगाना राइजिंग वैश्विक शिखर सम्मेलन**<br>■ तेलंगाना राज्य सरकार ने तेलंगाना राइजिंग वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान 2 करोड़ 43 लाख रुपये के 35 निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। |
| **5.** | **भारत-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव, 2025**<br>■ **आयोजन की शुरुआत:** 8 दिसम्बर, 2025 को लुम्बिनी (नेपाल) में।<br>■ **संस्करण:** तीसरा<br>■ **आयोजक:** भारतीय दूतावास, काठमांडू, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् – ICCR और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय।<br>■ **उद्देश्य:** साझा बौद्ध विरासत को भारत-नेपाल मैत्री के एक स्तंभ के रूप में सम्मानित करना और लोगों के मध्य संपर्क को बढ़ावा देना। |

CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR